आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–01 अक्टुबर 2023 **सान्ध्य समाचार**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज देशभर में चलाए गए स्वच्छता ही सेवा महाभियान का नेतृत्व किया। वे फिटनेस प्रशिक्षक अंकित बैयानपुरिया के साथ सफाई अभियान में शामिल हुए। स्वच्छता के लिए **एक तारीख, एक घंटा, एक साथ** के प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान पर आज देश भर में लोगों ने भागीदारी की।

****

प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वच्छता महाभियान का नेतृत्व किया। उन्होंने सीतापुर के नैमिषारण्य धाम में स्वच्छता ही सेवा के तहत श्रमदान कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को स्वच्छांजलि अर्पित की। श्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छ भारत–स्वस्थ भारत के संकल्प की सिद्धि के लिए स्वच्छता को जनांदोलन बना दिया है। प्रदेश भर में आज स्वच्छता के लिए लोगों ने श्रमदान किया। ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

सीतापुर में स्वच्छता अभियान में हिस्सा लेने के बाद सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि स्वच्छता हमारी पहली जिम्मेदारी है, भक्ति की शुरुआत भी स्वच्छता से होती है. उन्होंने लोगों से धार्मिक स्थलों पर पॉलीथिन का प्रयोग न करने की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि गांधी जयंती से पहले उत्तर प्रदेश ने ग्रामीण क्षेत्रों में ओडीएफ+ का लक्ष्य हासिल कर लिया है। शहरी विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने जन प्रतिनिधियों एवं पार्टी पदाधिकारियों के साथ आगरा में स्वच्छता अभियान में भाग लिया और केन्द्रीय सड़क परिवहन राज्य मंत्री डॉ. वी.के. सिंह ने गाजियाबाद में शहीद स्थल मेट्रो स्टेशन पार्क में स्वच्छता अभियान में हिस्सा लिया। वाराणसी में एनडीआरएफ की टीम ने दशाश्वमेध घाट, राजेंद्र घाट और दशाश्वमेध भवन में व्यापक सफाई अभियान चलाया। एनडीआरएफ और आईटीबीपी की टीमों ने लखनऊ में भी सफाई अभियान में हिस्सा लिया। स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत आज बेसिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के छात्र–छात्राओं द्वारा प्रभात फेरी निकाली गयी। विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने विद्यालय परिसर की साफ–सफाई की। – ओम अवस्थी, आकाशवाणी समाचार लखनऊ

****

प्रदेश भर में आज **एक तारीख, एक घंटा, एक साथ** स्वच्छता महाभियान में लोगों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने लखनऊ में मॉल एवेन्यू में श्रमदान किया और सफाईकर्मियों को सम्मानित किया।

चंदौली में केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री डॉ महेंद्र नाथ पाण्डेय ने स्वच्छता महाभियान में श्रमदान किया। मिर्जापुर में केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल, विधान परिषद सदस्य श्याम नारायण सिंह, नगर विधायक रत्नाकर मिश्र ने सरदार पटेल चौराहा भरूहना में झाड़ू लगाकर सफाई अभियान का शुभारंभ किया। विंध्य क्षेत्र की गलियों और गंगा घाटों पर भी विशेष सफाई अभियान चलाया गया।

गोरखपुर में रामगढ़ताल किनारे नौका विहार और आसपास के क्षेत्रों में सफाई अभियान चलाया गया। महापौर डॉ मंगलेश कुमार श्रीवास्तव ने यहां स्वच्छता महाभियान में श्रमदान किया। पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक चंद्र वीर रमण के नेतृत्व में गोरखपुर जंक्शन पर रेलवे के अधिकारियों और कर्मचारियों ने साफ–सफाई की।

मऊ में पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे ने नगर के बह्मस्थान मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। बलरामपुर में सशस्त्र सीमा बल नवीं वाहिनी की ओर से सार्वजनिक स्थलों पर साफ–सफाई की गयी। साथ ही, एनसीसी कैडेड्स ने भी स्वच्छता महाभियान में भाग लिया। जौनपुर में रोडवेज परिसर, लोहिया पार्क और सद्भावना पुल पर स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिले के नोडल अधिकारी प्रबंध निदेशक जल निगम राकेश कुमार मिश्रा ने कहा कि लोगों को स्वच्छता को अपने जीवन का अंग बनाना चाहिए। रोडवेज परिसर में हस्ताक्षर अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।

देवरिया में नगर पालिका अध्यक्ष अल्का सिंह, नोडल अधिकारी व सचिव नगर विकास अजय शुक्ला और जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने गायत्री मंदिर स्थित सरोवर और उसके आसपास के मार्गों पर साफ–सफाई की। अन्य जनपदों में भी लोगों ने बस अड्डों, पार्क, नदी घाटों, ऐतिहासिक स्थलों और अन्य स्थानों पर विशेष सफाई अभियान में भाग लिया।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज सीतापुर के नैमिषारण्य धाम में पांच सौ पचास करोड़ रूपए की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार समाज के सभी वर्गों को बिना भेदभाव कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दे रही है। श्री योगी ने कहा कि उनकी सरकार ने तीर्थ स्थलों तक पहुंच मार्गों को सुदृढ़ करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि जल्द ही लखनऊ से नैमिषारण्य के बीच इलेक्ट्रिक बस चलेंगी।

मुख्यमंत्री ने लोगों को भरोसा दिलाया कि नैमिषारण्य के विकास कार्यों में किसी को भी क्षति नहीं पहुंचायी जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार सभी के व्यवस्थित पुनर्वास की व्यवस्था करेगी। श्री योगी ने कहा कि नैमिषारण्य में विकास योजनाओं के पूरा हो जाने के बाद यहां लोगों की आमदनी में कई गुना बढ़ोत्तरी होगी।

****

बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने कहा है कि उनकी पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव में किसी भी गठबंधन का हिस्सा नहीं होगी और अकेले चुनाव लड़ेगी। वे आज लखनऊ में पार्टी पदाधिकारियों के साथ लोकसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा कर रही थीं।

****

वाराणसी में आज दोपहर में बारिश होने से कई इलाकों में जलभराव हो गया। जगह–जगह जाम की स्थिति बनी रहने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

****